गृह विज्ञान विभाग में तीन दिवसीय कार्यशाला

कार्यशाला में छात्राओं को प्रशिक्षित करते श्री अनिल प्रजापति

22-24 जनवरी को भारत-भारती पखवारा के अन्तर्गत गृह विज्ञान विभाग तथा पिडीलाइट कम्पनी, मुम्बई के संयुक्त तत्वावधान में 'महिला उद्यमिता' विषय पर तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। तीन दिनों तक चलने वाली इस कार्यशाला में बतौर मुख्य वक्ता पिडीलाइट कम्पनी के गोरखपुर केन्द्र के कार्यक्रम अधिकारी श्री अनिल प्रजापति ने महिला उद्यमिता के विविध पक्षों पर प्रकाश डाला। कार्यशाला की अध्यक्षता गृह विज्ञान विभाग की अध्यक्ष श्रीमती किरन सिंह, संचालन सुश्री सुनिधि गुप्ता तथा स्वागत और आभार ज्ञापन सुश्री अपूर्वा त्रिपाठी ने किया।